# 1 वर्णमाला की पुनरावृत्ति

## स्वर

स्वर वे वर्ण होते हैं जो मात्रा के रूप में प्रयोग किए जाते हैं।

अ आ इ ई उ ऊ ऋ

ए ऐ ओ औ अं अः

## व्यंजन

व्यंजन वे वर्ण होते हैं जिन पर मात्राएँ लगती हैं। वर्ण को अक्षर भी कहते हैं।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क वर्ग | क | ख | ग | घ | ङ |
| च वर्ग | च | छ | ज | झ | ञ |
| ट वर्ग | ट | ठ | ड | ढ | ण |
| त वर्ग | त | थ | द | ध | न |
| प वर्ग | प | फ | ब | भ | म |
| | | य | र | ल | व |
| | | श | ष | स | ह |
| संयुक्त वर्ण | | क्ष | त्र | ज्ञ | श्र |

## अतिरिक्त वर्ण

अतिरिक्त वर्णों से कोई शब्द प्रारंभ नहीं होता।

ड़ ढ़

कक्षा कार्य/गृ०कार्य ☆☆☆☆

# 2 स्वर परिचय

अ अनार


आ आम


इ इमली


ई ईख


उ उल्लू


ऊ ऊन


ऋ ऋषि


ए एड़ी


ऐ ऐनक


ओ ओखली


औ औरत


अं अंगूर




अः



# 3 व्यंजन परिचय

| | | | |
|---|---|---|---|
| क कबूतर  | ख खरगोश  | ग गमला  | घ घड़ी  |
| ङ | च चम्मच  | छ छतरी  | ज जहाज़  |
| झ झरना  | ञ | ट टमाटर  | ठ ठठेरा  |
| ड डमरु  | ढ ढक्कन  | ण | त तरबूज  |
| थ थरमस  | द दवात  | ध धनुष  | न नल  |

प पतंग


फ फल


ब बतख


भ भगत


म मछली


य यज्ञ


र रथ


ल लट्टू


व वक


श शलगम


ष षट्कोण


स सपेरा


ह हल


क्ष क्षत्रिय


त्र त्रिशूल


ज्ञ ज्ञानी


श्र श्रमिक


ड़ सड़क


ढ़ पढ़


# अभ्यास

1. वर्णमाला लिखिए:

**स्वर**

**व्यंजन**

**संयुक्त वर्ण**

**अतिरिक्त वर्ण**

2. चित्र पहचानकर इनके पहले वर्ण पर गोला ( ◯ ) बनाइए:



न र स



प ल न



न ड र

# 4 दो अक्षरों से बने शब्द

चित्र देखिए तथा अक्षरों को जोड़कर शब्द पढ़िए:



घ + र = घर



ज + ल = जल



फ + ल = फल



ट + ब = टब



ध + न = धन



र + थ = रथ



न + ल = नल



ब + स = बस



थ + न = थन

## पढ़िए और समझिए:

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मत | मग | चख | हठ | दर | चढ़ | घर |
| जग | थल | बल | हल | पल | चल | कल |
| हर | भर | घर | नर | खत | छत | डर |
| थन | धन | मन | टन | तन | खन | वन |
| कर | कब | जब | तब | सब | फन | रब |
| पड़ | पढ़ | बढ़ | सच | रट | फट | हट |



जय चल। अब घर चल।

डर मत। बस पर चढ़।

लड़ मत। सच-सच कह।

जल भर। हठ मत कर।

फल रख। दस तक पढ़।

रथ पर मत चढ़। घर तक चल।

नल पर जल भर। दस बज गए।



# अभ्यास

**1. दिए गए चित्रों की सहायता से खाली स्थान भरिए:**



..... + ..... = .......



..... + ..... = .......



..... + ..... = .......



..... + ..... = .......



..... + ..... = .......



..... + ..... = .......

**2. दिए गए अक्षरों को मिलाकर पढ़िए तथा उचित शब्द से मिलान कीजिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह + ठ | | | पल |
| ब + ढ़ | | | टब |
| ट + ब | | | हठ |
| र + ट | | | थल |
| प + ल | | | बढ़ |
| म + न | | | रट |
| थ + ल | | | मन |

# 5 तीन अक्षरों से बने शब्द

चित्र देखिए तथा अक्षरों को जोड़कर शब्द पढ़िए:



म + ट + र = मटर



क + म + ल = कमल



स + ड़ + क = सड़क



न + म + न = नमन



म + ग + र = मगर



क + ल + म = कलम



भ + ग + त = भगत



ह + व + न = हवन



ब + त + ख = बतख

## पढ़िए और समझिए:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| कलश | भरत | रतन | नरम | लहर |
| चरण | ठहर | टहल | पहल | चमक |
| मदन | भवन | भजन | अमन | पवन |
| बहस | मनन | अमर | नगर | डगर |
| अकड़ | नमक | जकड़ | सड़क | पलक |
| सरल | पलट | कपट | नहर | गरम |



अमर कलश पकड़।
गगन इधर चल।
मदन कलम रख।
सड़क पर टहल।
इधर-उधर मत चल।
नरम-नरम मटर चख।
सड़क पर मत टहल।
अजय नहर तक चल।
रमन शहद इधर रख।

# अभ्यास

**1. उचित अक्षर जोड़कर शब्द पूरा कीजिए:**

प + ☐ + ड़ = ..............................

म + ग + ☐ = ..............................

☐ + म + न = ..............................

☐ + ज + न = ..............................

भ + व + ☐ = ..............................

न + ☐ + क = ..............................

☐ + ह + ल = ..............................

☐ + ट + र = ..............................

क + ल + ☐ = ..............................

इ + ध + ☐ = ..............................

**2. चित्रों की सहायता से शब्द सीढ़ी पूर्ण कीजिए:**



..............................



..............................



..............................



..............................

# 6 चार अक्षरों से बने शब्द

चित्र देखिए तथा अक्षरों को जोड़कर शब्द पढ़िए:





क + ट + ह + ल = कटहल थ + र + म + स = थरमस





अ + च + क + न = अचकन श + र + ब + त = शरबत





स + र + क + स = सरकस प + न + घ + ट = पनघट

## पढ़िए और समझिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनपढ़ | बरतन | उपवन | अनबन |
| चमचम | उलझन | टमटम | सरगम |
| मखमल | शलगम | हलचल | दलदल |
| करवट | अमरस | खटपट | नटखट |
| अदरक | सरकस | गड़बड़ | बनठन |
| अफसर | हलधर | अलवर | बरगद |

अकबर टमटम पर चढ़।
गनपत सरकस चल।
थरमस इधर रख।
अनवर नटखट मत बन।
मनहर इकसठ तक पढ़।
शबनम पनघट पर चल।
अमज़द अचकन पहन।
कटहल उधर रख।



# अभ्यास

**1. दिए गए चित्रों को पहचानकर, सही शब्द पर सही ( ✓ ) का निशान लगाइए:**



कसरत ◯
कटहल ◯



शरबत ◯
अदरक ◯



दमकल ◯
शलगम ◯



अचकन ◯
बरगद ◯



अजगर ◯
उपवन ◯



पनघट ◯
बरतन ◯

**2. गोले में लिखे गए वर्णों की सहायता से शब्द पूरा कीजिए:**

पट → लट, खट, सर, झट

लटपट .................... ....................
.................... ....................

मल → मल, मख, खट, झल

.................... ....................
.................... ....................

**3. चित्रों की सहायता से वाक्य पूरे कीजिए:**



धनपत .................... रख।



अमज़द .................... ला।

# 7 मात्राओं का ज्ञान

स्वरों को जब व्यंजनों में जोड़ा जाता है तो वे मात्रा कहलाते हैं। 'अ' स्वर की कोई मात्रा नहीं होती है, क्योंकि वह व्यंजन में पहले से ही जुड़ा होता है। यदि आप व्यंजन में से 'अ' स्वर निकाल दें, तो व्यंजन आधा रह जाता है। मात्रा केवल व्यंजनों के साथ लगती है।

## स्वरों की मात्राएँ ऐसे लगती हैं–

| स्वर | मात्रा | उदाहरण |
|---|---|---|
| अ | कोई मात्रा नहीं | बल = ब् + अ + ल् + अ |
| आ | ा | जाला = ज् + ा + ल् + ा |
| इ | ि | रिबन = ि + र् + ब् + अ + न् + अ |
| ई | ी | सीटी = स् + ी + ट् + ी |
| उ | ु | सुख = स् + ु + ख् + अ |
| ऊ | ू | धूप = ध् + ू + प् + अ |
| ऋ | ृ | मृग = म् + ृ + ग् + अ |
| ए | े | बेर = ब् + े + र् + अ |
| ऐ | ै | बैल = ब् + ै + ल् + अ |
| ओ | ो | चोर = च् + ो + र् + अ |
| औ | ौ | मौका = म् + ौ + क् + आ |
| अं | ं | पंख = प् + ं + ख् + अ |
| अँ | ँ | चाँद = च् + ा + ँ + द् + अ |
| अः | ः | पुनः = प् + ु + न् + ः |

# 8 आ ( ा ) की मात्रा

चित्र देखिए तथा अक्षरों को जोड़कर शब्द पढ़िए:



अ + ा + म = आम



त + ा + ल + ा = ताला



ग + ा + ज + र = गाजर



ग + म + ल + ा = गमला



अ + न + ा + र = अनार



म + ा + ल + ा = माला



छ + ा + त + ा = छाता



ज + ह + ा + ज़ = जहाज़

## पढ़िए और समझिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| लाल | आज | नाम | साल |
| डाक | नाव | दाम | घास |
| बाजा | माता | काला | माथा |
| गाना | सपना | काजल | मकान |
| कमाल | बादल | सागर | अचार |
| बरसात | अखबार | समाचार | टमाटर |

राजा आया। बाजा लाया।

रमा इधर आ। गाना गा।

गाना गाकर सबका मन बहला।

कमल बाजार जा।

लाल टमाटर ला।

मानव पाठशाला जा।

अपना पाठ याद कर।



# अभ्यास

**1. चित्र देखकर नाम लिखिए:**









**2. आ ( ा ) की मात्रा से बने पाँच शब्द लिखिए:**

**3. सही अक्षर पर आ ( ा ) की मात्रा लगाकर शब्द पूरा कीजिए:**

कजल – ......................  बरसत – ......................

दव – ......................  कन – ......................

गजर – ......................  नच – ......................

भग – ......................  जकर – ......................

# 9 इ ( ि) की मात्रा

चित्र देखिए तथा अक्षरों को मिलाकर शब्द पढ़िए:



ि + क + ल + ा = किला



ि + ग + ल + ा + स = गिलास



ि + क + त + ा + ब = किताब



प + ि + ह + य + ा = पहिया



ि + क + स + ा + न = किसान



ि + ग + ट + ा + र = गिटार

## पढ़िए और समझिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| गिन | मिल | लिख | हिल |
| सिर | तिल | बिल | दिल |
| हरि | निशा | दिशा | किरन |
| टिकट | डलिया | सियार | सितार |
| धनिया | हिसाब | कविता | डिबिया |
| गिरगिट | किशमिश | बिस्तर | रविवार |

दिन निकला।
रवि उठ जा।
चिड़िया चहचहाई।
साथ में दाना लाई।
नेहा आ। मिठाई और
पपीता खा।



# अभ्यास

**1. दिए गए चित्रों के सही नाम पर गोला ( ○ ) लगाइए:**








| | | |
|---|---|---|
| किताब | गिटार | बिस्तर |
| किशमिश | डाकिया | पिन |
| हिरन | नारियल | टिकट |
| किसान | गिरगिट | पहिया |

**2. निम्नलिखित शब्दों में इ ( ि ) की मात्रा लगाइए:**

| | | |
|---|---|---|
| ....गन | डा....कया | ....टक....टक |
| ....दन | ....ड....बया | ....गर....गट |
| ....पन | ....छलका | ....रम....झम |

**3. चित्रों की सहायता से वाक्य पूरे कीजिए:**


.................... आया।


.................... चहचहाई।


.................... खा।


वह .................... लाया।


.................... आया।


सरिता .................... पढ़।

# 10 ई (ी) की मात्रा

चित्र देखिए तथा अक्षरों को मिलाकर शब्द पढ़िए:



घ + ड़ + ी = घड़ी



ह + ा + थ + ी = हाथी



ग + ी + द + ड़ = गीदड़




च + ी + न + ी = चीनी



ल + ी + च + ी = लीची



च + ीं + ट + ी = चींटी

## पढ़िए और समझिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| जीत | कली | गीत | मीत |
| तीन | वीर | खीर | रानी |
| दीदी | सीता | माली | चीता |
| शीशा | पीली | शीतल | लकड़ी |
| नकली | पीतल | लकीर | दीवार |
| असली | भिखारी | कहानी | नाशपाती |

नीता आ। लीची खा।
नानी आई। मिठाई लाई।
समीर आ। नानी आई।
तितली मत पकड़।



# अभ्यास

**1. ई ( ी ) की मात्रा से बने पाँच शब्द लिखिए:**

.............................. .............................. ..............................

.............................. ..............................

**2. निम्नलिखित शब्दों में इ ( ि ) की मात्रा लगाइए:**

| | | |
|---|---|---|
| कम...ज | हाथ... | गिलहर... |
| मकड़... | च...ता | द...पावल... |
| ककड़... | रान... | चमक...ल... |
| द...पक | स...ट... | नाशपात... |

**3. ई ( ी ) की मात्रा वाले शब्दों पर गोला ( ○ ) लगाइए तथा दिए गए खाली स्थान में लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| शिकार | वीर | झिलमिल | महीना |
| सरिता | तीर | गिरि | नानी |
| तिल | गिन | पिला | पानी |
| चीर | घिर | टिकिया | जाली |
| पिन | दिन | चिड़िया | राधा |
| आज | गमला | अजगर | ताला |

| ई ( ी ) की मात्रा वाले शब्द | |
|---|---|
| .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. |

# 11 उ ( ु ) की मात्रा

चित्र देखिए तथा अक्षरों को मिलाकर शब्द पढ़िए:



ध + न + ु + ष = धनुष



ग + ु + ल + ा + ब = गुलाब



क + छ + ु + अ + ा = कछुआ



स + ा + ब + ु + न = साबुन



च + ु + न + र + ी = चुनरी



ब + ु + ल + ब + ु + ल = बुलबुल

## पढ़िए और समझिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| खुल | पुल | पशु | कुल |
| छुरा | तुला | सुबह | पुराना |
| मुरली | कुसुम | हलुआ | बगुला |
| दातुन | जामुन | लुहार | सुनार |
| सुमन | मुकुट | ठाकुर | सुराही |
| चुहिया | कुटिया | दुकान | चुपचाप |

सुबह हुई। बुलबुल आई।

कुसुम आ। बुलबुल का गाना सुन।

मनु आ। मामी आई।

गुलाबी गुड़िया लाई।





कक्षा कार्य/गृ०कार्य

# अभ्यास

**1. अक्षरों को मिलाकर पढ़िए तथा उचित शब्दों से मिलान कीजिए:**

| | |
|---|---|
| म + धु + र | बुखार |
| ब + गु + ला | लुटिया |
| बु + खा + र | मधुर |
| सा + धु | बगुला |
| लु + टि + या | साधु |

**2. नीचे लिखे शब्दों को उनके चित्रों से मिलाइए:**




कुरसी
चुहिया
सुराही
फुटबाल




**3. चित्रों की सहायता से वाक्य पूरे कीजिए:**

 .................... की शादी थी।  .................... का गाना सुन।

 मीता .................... ला।  अभय ने .................... चलाया।

# 12 ऊ ( ू ) की मात्रा

चित्र देखिए तथा अक्षरों को मिलाकर शब्द पढ़िए:



च + ू + ह + ा = चूहा



भ + ा + ल + ू = भालू



स + ू + र + ज = सूरज



अ + ा + ल + ू = आलू



त + र + ब + ू + ज = तरबूज



क + ब + ू + त + र = कबूतर

## पढ़िए और समझिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| सूप | धूम | चूजा | बूढ़ा |
| जूता | सूखा | काजू | तालू |
| पूजा | कूड़ा | झूला | चाकू |
| मयूर | कपूर | मूरत | सूरत |
| कसूर | पालतू | शहतूत | खुशबू |
| जादूगर | राजपूत | फूलदान | खूबसूरत |

राजू आया। साथ में भालू लाया।
घूम-घूम कर नाचा भालू।
सबका मन बहलाया।
नीतू आ। बाज़ार जा।
खरबूजा, शहतूत, तरबूज ला।



# अभ्यास

**1. नीचे दिए गए अक्षरों को सही क्रम में लिख कर शब्द बनाइएः**

ताजू – ..............  पसू – ..............  जूखर – ..............

रपूक – ..............  यूमर – ..............  पातूल – ..............

मधू – ..............  हाचू – ..............  धदू – ..............

**2. चित्र पहचानकर शब्द पूरे कीजिएः**



आ...........



...........दान



...........ढ़ा



तर...........



...........हा



...........ता

**3. नीचे लिखे शब्दों को उनके चित्रों से मिलाइएः**





झूला

फूल

सूरज

डमरू





13

# ऋ ( ृ ) की मात्रा

चित्र देखिए तथा अक्षरों को मिलाकर शब्द पढ़िए:



ग + ृ + ह = गृह



व + ृ + क्ष = वृक्ष



न + ृ + प = नृप



प + ृ + थ + क = पृथक



क + ृ + ष + क = कृषक



व + ृ + द + ् + ध = वृद्ध

## पढ़िए और समझिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| घृत | मृत | मृग | कृत |
| कृपा | तृषा | घृणा | वृथा |
| पृथा | कृषि | कृति | अमृत |
| वृद्ध | नृतक | ऋषभ | कृपाण |
| श्रृंगार | आकृति | कृष्णा | गृहिणी |
| प्रकृति | कृपानिधि | मातृभूमि | वृंदावन |

वृक्ष लगाओ। अपना गृह साफ रखो।

कृषक खेत पर गया।

वृक्ष की टहनी लाया।

मृग जंगल में घूम रहा है।





# अभ्यास

**1. ऋ ( ृ ) की मात्रा से बने शब्द छाँटिए तथा दिए गए खाली स्थान में लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अंगूर | साथ | अचानक | कठोर |
| नृप | हाथी | कुसुम | बिजली |
| कृपाण | गृह | आधा | ईश्वर |
| चौकी | गृहिणी | पलंग | हँसना |
| मृग | हथौड़ा | कृषक | वृद्ध |

| ऋ ( ृ ) की मात्रा वाले शब्द | |
|---|---|
| .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. |
| .............................. | .............................. |

**2. नीचे लिख शब्दों को उनके चित्रों से मिलाइए:**





कृषक

नृप

वृक्ष

मृग





**3. निम्नलिखित शब्दों में ऋ ( ृ ) की मात्रा लगाइए:**

| | | |
|---|---|---|
| क...पा | अम...त | घ...णा |
| आक...ति | घ...त | क...पालु |

# 14 ए ( े ) की मात्रा

चित्र देखिए तथा अक्षरों को मिलाकर शब्द पढ़िए:



श + े + र = शेर



भ + े + ड़ = भेड़



प + े + ड़ = पेड़



र + े + ल = रेल



क + े + त + ल + ी = केतली



स + प + े + र + ा = सपेरा

## पढ़िए और समझिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| बेल | जेब | खेत | मेल |
| मेज | तेल | मेला | केला |
| बेला | चेला | बेटा | सेवक |
| लेखक | जेवर | कपड़े | सवेरा |
| नरेश | गणेश | रमेश | बरेली |
| बसेरा | नेवला | परेशान | मेहमान |

बाज़ार में मेला लगा।
रमेश नए कपड़े पहन।
मेले में चल।
रेखा आई। हेमा आई।
सबने भेलपूरी खाई।



# अभ्यास

**1. चित्रों की सहायता से वाक्य पूरे कीजिए:**

 सुरेश ने .......... खाया।  .............. ने करतब दिखाया।

 मीरा .............. लाई।  .............. बीन बजाता है।

**2. अक्षरों में उचित स्थान पर ए ( े ) की मात्रा लगाकर शब्द पूरा कीजिए:**

| | |
|---|---|
| बसन | हमन |
| पड़ | कपड़ |
| मला | रमश |

**3. चित्र देखकर शब्द सीढ़ी पूरी कीजिए:**





.......................

.......................



.......................



.......................

# 15 ऐ ( ै ) की मात्रा

चित्र देखिए तथा अक्षरों को मिलाकर शब्द पढ़िए:






ब + ै + ल = बैल

थ + ै + ल + ा = थैला





प + ै + स + ा = पैसा

न + ै + य + ा = नैया





म + ै + न + ा = मैना

ग + व + ै + य + ा = गवैया

## पढ़िए और समझिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| पैर | मैल | बैठ | तैर |
| सैर | रैना | जैसा | तैसा |
| मैना | मैया | कौआ | ततैया |
| मैदान | शैतान | फैशन | कैरम |
| पैदल | डकैत | तैनात | बैठक |
| बैसाखी | फैलाव | हैरान | कैदखाना |

शैला आई। मामी आई।
थैले में पैसे लाईं।
कैलाश गाँव जा।
बैलगाड़ी की सैर कर।



# अभ्यास

**1. निम्नलिखित शब्दों में ऐ ( ै ) की मात्रा लगाइए:**

| | | |
|---|---|---|
| बल | सनिक | सर |
| पसा | पदल | ननीताल |
| मना | बठक | कदखाना |

**2. चित्रों की सहायता से वाक्य पूरे कीजिए:**


............... पैदल चल।


............... पेड़ पर बैठी है।


कैलाश के पास ............... है।


............... चला।


............... ने गाना गाया।


............... खेल।

**3. ऐ ( ै ) की मात्रा से बने पाँच शब्द लिखिए:**

..........................

..........................

..........................

..........................

..........................

# 16 ओ ( ो ) की मात्रा

चित्र देखिए तथा अक्षरों को मिलाकर शब्द पढ़िएः



क + ो + ट = कोट



त + ो + त + ा = तोता



ज + ो + क + र = जोकर



भ + ो + ज + न = भोजन



घ + ो + ड़ + ा = घोड़ा



ल + ो + ट + ा = लोटा

## पढ़िए और समझिए:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| गोल | शोर | खोट | मोल | चोर |
| कोट | चोट | सोता | रोज | घोल |
| खोज | छोटी | बोरी | दोस्त | कोना |
| धोबी | रोता | चोरी | खेलो | धोती |
| होली | गोभी | रसोई | लोमड़ी | टोकरी |
| होटल | बोतल | समोसा | अखरोट | दोपहर |

मोहन शोर मत कर।

मोना कोट पहन। स्कूल जा।

सोहन बाहर आ। खरगोश आया।

खरगोश को गाजर खिला।



# अभ्यास

**1. ओ ( ो ) की मात्रा वाले शब्दों पर गोला ( ○ ) लगाइए:**

पैदल    कमज़ोर    मीरा    टोकरी    घोल    सैनिक

लालटेन    सुहाना    कोठरी    भोजन    नूतन

नारियल    खरगोश    होटल    कुटिया    लोमड़ी    शोर

**2. निम्नलिखित शब्दों में ओ ( ो ) की मात्रा लगाइए:**

| | | |
|---|---|---|
| च....र | म....टर | अखर....ट |
| ट....ली | कट....री | क....तवाल |
| त....ता | ट....करी | दालम....ठ |

**3. चित्र देखकर उचित विकल्प के साथ मिलान कीजिए:**

लोमड़ी



गोभी



टोकरी



नारियल



कटोरा



# 17 औ ( ौ ) की मात्रा

चित्र देखिए तथा अक्षरों को मिलाकर शब्द पढ़िए:



फ + ौ + ज + ी = फौजी



ल + ौ + क + ी = लौकी



क + ौ + अ + ा = कौआ



ब + ौ + न + ा = बौना



च + ौ + प + ड़ = चौपड़



अ + ौ + र + त = औरत

## पढ़िए और समझिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| मौन | कौन | भौज | हौज |
| मौसी | गौरी | कौड़ी | चौड़ी |
| चौका | मौका | नौकर | तौलिया |
| कौरव | गौरव | जौहरी | गौतम |
| खिलौना | बिछौना | कचौड़ी | पकौड़ी |
| दौड़कर | चौकीदार | चौराहा | नौजवान |

गौरी की मौसी आई।

मौसी खिलौना लाई।

गौरव बाज़ार गया।

मौसी के लिए कचौड़ी लाया।

सबने मिलकर चौपड़ खेला।



# अभ्यास

**1. चित्रों को देखकर उचित शब्द पर गोला ( ○ ) लगाइए:**



कौशल ○
पौधा ○



पकौड़ी ○
चौकीदार ○



शौक ○
तौलिया ○



नौकरी ○
जौहरी ○

**2. अक्षरों को उचित क्रम में लगाकर सही शब्द लिखिए:**

रवगौ – ..........................   कामौ – ..........................

ड़ीकौप – ..........................   जीफौ – ..........................

ड़दौ – ..........................   काचौ – ..........................

**3. चित्रों की सहायता से वाक्य पूरे कीजिए:**



सौरभ .................. चला।



अभय .................. खेल।



.................. बोल रहा है।



रमन ..................।

# 18 अं ( ं ) की मात्रा

चित्र देखिए तथा अक्षरों को मिलाकर शब्द पढ़िए:





प + त + ं + ग = पतंग        ब + ं + द + र = बंदर

पढ़िए और समझिए:



| | | |
|---|---|---|
| अंग | भंग | रंग |
| यंत्र | मंत्र | कंकड़ |
| गंगा | दंगा | कंघा |

शंकर जंगल में गया।
चंदर आया। मंगल आया।
सबने मिलकर अंगूर खाए।
पेड़ पर लंगूर बैठा था।
तालाब में हंस तैर रहे थे।

# अँ ( ँ ) की मात्रा

चित्र देखिए तथा अक्षरों को मिलाकर शब्द पढ़िए:



स + ँ + ा + प = साँप



ऊ + ँ + ट = ऊँट

पढ़िए और समझिए:

| | | |
|---|---|---|
| घूँट | गेहूँ | यहाँ |
| ताँगा | दाँया | पाँच |
| पाँव | साँवला | हँसना |



कुँवर सूरज निकला।
पेड़ की छाँव में बैठ।
माँ बाँसुरी लेकर आई।
बाँसुरी बजा।

# अभ्यास

**1. चित्रों की सहायता से वाक्य पूरे कीजिए:**

 अमन .................. उड़ा।　 रमन .............. खा।

 .................. नाच रहा है।　 अमर .................. मत फेंक।

**2. चित्रों की सहायता से शब्द सीढ़ी पूरी कीजिए:**

 ______________

 ______________

 ______________

५ ______________

**3. अक्षरों को उचित क्रम में लगाकर सही शब्द लिखिए:**

नाहँस – ..................　　नाफँस – ..................

सबाँ – ..................　　हाँय – ..................

गामहँ – ..................　　चपाँ – ..................

## 20 अः ( : ) विसर्ग की मात्रा






प्र + ा + त + : = प्रातः   न + म + : = नमः   छ + : = छः

पढ़िए और समझिए:

| | | |
|---|---|---|
| पुनः | अतः | दुःख |
| तपः | प्रायः | शनैः |
| क्रमशः | फलतः | स्वतः |



नीता प्रातः उठ।
सैर को जा।
प्रातः ईश्वर का
ध्यान कर।

# अभ्यास

**1. अः ( : ) की मात्रा से बने छः शब्द लिखिए:**

.................................... .................................... ....................................

.................................... .................................... ....................................

**2. चित्रों की सहायता से शब्द सीढ़ी पूरी कीजिए:**

 ....................................

 ....................................

 ....................................

**3. अः की मात्रा ( : ) लगाकर शब्द ठीक कीजिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पुन – .................. | | तप – .................. | |
| शनै – .................. | | क्रमश – .................. | |
| स्वत – .................. | | फलत – .................. | |
| दुख – .................. | | अत – .................. | |

21

# रेफ ( र् ) की मात्रा

चित्र देखिए तथा अक्षरों को मिलाकर शब्द पढ़िए:



प + र् + स = पर्स



फ + र् + श = फर्श




प + ा + र् + क = पार्क



क + ा + र् + ड = कार्ड



द + र् + प + ण = दर्पण



म + ु + र् + ग + ा = मुर्गा

## पढ़िए और समझिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| नर्स | धर्म | कर्म | अर्थ |
| शर्म | शर्त | कर्ज | हर्ष |
| गर्म | मर्ज़ | वर्ष | सर्प |
| वर्ग | हर्ज़ | सर्जन | मार्ग |
| टार्च | चार्ट | दर्जन | विसर्ग |
| अर्पण | गर्दन | निर्धन | आर्शीवाद |

सूर्य उदय हुआ। मोहन उठ

विद्यालय जा।

आचार्य को नमस्कार कर।

अच्छे कर्म कर।



# 22 पदेन ( ्र , ्र ) की मात्रा

चित्र देखिए तथा अक्षरों को मिलाकर शब्द पढ़िए:



ड + ्र + म = ड्रम



ड + ्र + े + स = ड्रेस



म + े + ट + ्र + ो = मेट्रो



ि + क + ्र + क + े + ट = क्रिकेट



भ + ्र + म + ण = भ्रमण



ि + क + ्र + स + म + स = क्रिसमस

## पढ़िए और समझिए:

| | | | |
|---|---|---|---|
| भ्रम | उग्र | ट्रंक | अग्र |
| ट्रक | क्रम | क्रूर | प्रेम |
| चक्र | भ्राता | ग्राम | क्रिया |
| आम्र | फ्राक | क्रीड़ा | प्रणाम |
| प्रसाद | प्रचार | विक्रेता | ग्राहक |
| प्रकाश | प्रतिदिन | ड्राईवर | प्रख्यात |

ध्रुव क्रिकेट खेल।

निर्मल आ। क्रिसमस आया।

ड्राइवर गाड़ी में उपहार लाया।

चारों तरफ प्रकाश छाया।



# अभ्यास

**1. चित्रों की सहायता से शब्द सीढ़ी पूरी कीजिए:**



.......................................



.......................................



.......................................



.......................................



.......................................

**2. पदेन ( ्र , ्र ) की मात्रा से बने छः शब्द लिखिए:**

..................... ..................... .....................

..................... ..................... .....................

# 23 संयुक्त वर्ण तथा आधे अक्षरों वाले शब्द

## संयुक्त वर्ण

**बोलकर पढ़िए:**

| क्ष ( क् + ष ) | त्र ( त् + र ) | ज्ञ ( ज्ञ् + ञ ) | श्र ( श् + र ) |
|---|---|---|---|
| कक्षा | नेत्र | ज्ञान | श्रम |
| रक्षा | मित्र | ज्ञानी | श्री |
| शिक्षा | चित्र | संज्ञा | श्रीमान |
| दीक्षा | पुत्र | विज्ञान | परिश्रम |

## आधे अक्षर वाले शब्द

**बोलकर पढ़िए:**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क् + क = क्क | मक्का | चक्का | सिक्का |
| च् + च = च्च | बच्चा | सच्चा | कच्चा |
| च् + छ = च्छ | अच्छा | गुच्छा | मच्छर |
| ट् + ठ = ट्ठ | लट्ठ | गट्ठर | चिट्ठी |
| त् + त = त्त | पत्ता | गत्ता | कुत्ता |
| द् + द = द्द | गद्दा | रद्दी | चद्दर |
| द् + ध = द्ध | शुद्ध | युद्ध | प्रसिद्ध |
| द + य = द्य | विद्या | विद्यालय | उद्यान |
| न् + न = न्न | अन्न | पन्ना | प्रसन्न |
| प् + त = प्त | सप्ताह | समाप्त | प्राप्त |
| द् + व = द्व | द्वार | द्वारा | द्वितीय |

24

# बारहखड़ी

| | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | आ | इ | ई | उ | ऊ | ए | ऐ | ओ | औ | अं | अः |
| क | का | कि | की | कु | कू | के | कै | को | कौ | कं | कः |
| ख | खा | खि | खी | खु | खू | खे | खै | खो | खौ | खं | खः |
| ग | गा | गि | गी | गु | गू | गे | गै | गो | गौ | गं | गः |
| घ | घा | घि | घी | घु | घू | घे | घै | घो | घौ | घं | घः |
| च | चा | चि | ची | चु | चू | चे | चै | चो | चौ | चं | चः |
| छ | छा | छि | छी | छु | छू | छे | छै | छो | छौ | छं | छः |
| ज | जा | जि | जी | जु | जू | जे | जै | जो | जौ | जं | जः |
| झ | झा | झि | झी | झु | झू | झे | झै | झो | झौ | झं | झः |
| ट | टा | टि | टी | टु | टू | टे | टै | टो | टौ | टं | टः |
| ठ | ठा | ठि | ठी | ठु | ठू | ठे | ठै | ठो | ठौ | ठं | ठः |
| ड | डा | डि | डी | डु | डू | डे | डै | डो | डौ | डं | डः |
| ड़ | ड़ा | ड़ि | ड़ी | ड़ु | ड़ू | ड़े | ड़ै | ड़ो | ड़ौ | ड़ं | ड़ः |
| ढ | ढा | ढि | ढी | ढु | ढू | ढे | ढै | ढो | ढौ | ढं | ढः |
| ढ़ | ढ़ा | ढ़ि | ढ़ी | ढ़ु | ढ़ू | ढ़े | ढ़ै | ढ़ो | ढ़ौ | ढ़ं | ढ़ः |
| ण | णा | णि | णी | णु | णू | णे | णै | णो | णौ | णं | णः |
| त | ता | ति | ती | तु | तू | ते | तै | तो | तौ | तं | तः |
| थ | था | थि | थी | थु | थू | थे | थै | थो | थौ | थं | थः |
| द | दा | दि | दी | दु | दू | दे | दै | दो | दौ | दं | दः |
| ध | धा | धि | धी | धु | धू | धे | धै | धो | धौ | धं | धः |
| न | ना | नि | नी | नु | नू | ने | नै | नो | नौ | नं | नः |
| प | पा | पि | पी | पु | पू | पे | पै | पो | पौ | पं | पः |
| फ | फा | फि | फी | फु | फू | फे | फै | फो | फौ | फं | फः |
| ब | बा | बि | बी | बु | बू | बे | बै | बो | बौ | बं | बः |
| भ | भा | भि | भी | भु | भू | भे | भै | भो | भौ | भं | भः |
| म | मा | मि | मी | मु | मू | मे | मै | मो | मौ | मं | मः |
| य | या | यि | यी | यु | यू | ये | यै | यो | यौ | यं | यः |
| र | रा | रि | री | रु | रू | रे | रै | रो | रौ | रं | रः |
| ल | ला | लि | ली | लु | लू | ले | लै | लो | लौ | लं | लः |
| व | वा | वि | वी | वु | वू | वे | वै | वो | वौ | वं | वः |
| श | शा | शि | शी | शु | शू | शे | शै | शो | शौ | शं | शः |
| ष | षा | षि | षी | षु | षू | षे | षै | षो | षौ | षं | षः |
| स | सा | सि | सी | सु | सू | से | सै | सो | सौ | सं | सः |
| ह | हा | हि | ही | हु | हू | हे | है | हो | हौ | हं | हः |
| क्ष | क्षा | क्षि | क्षी | क्षु | क्षू | क्षे | क्षै | क्षो | क्षौ | क्षं | क्षः |
| त्र | त्रा | त्रि | त्री | त्रु | त्रू | त्रे | त्रै | त्रो | त्रौ | त्रं | त्रः |
| ज्ञ | ज्ञा | ज्ञि | ज्ञी | ज्ञु | ज्ञू | ज्ञे | ज्ञै | ज्ञो | ज्ञौ | ज्ञं | ज्ञः |

कक्षा कार्य/गृ०कार्य ☆☆☆☆

# 25 वचन

शब्द के जिस रूप से वस्तु के एक होने का पता चलता है, उसे एकवचन कहते है।

उदाहरण–



पुस्तक



बच्चा



घोड़ा



पौधा



कपड़ा



दुकान

शब्द के जिस रूप से वस्तु के एक से अधिक होने का पता चलता है, उसे बहुवचन कहते हैं।

उदाहरण–



पुस्तकें



बच्चे



घोड़े



पौधे



कपड़े




दुकानें



☆☆☆☆ कक्षा कार्य/गृ०कार्य

# अभ्यास

1. एकवचन वस्तुओं का बहुवचन वस्तुओं के साथ मिलान कीजिए:










2. पाँच एकवचन तथा पाँच बहुवचन शब्द लिखिए:

# 26 लिंग

**शब्द के जिस रूप से पता चलता है कि वह पुरुष जाति का है या स्त्री जाति का उसे लिंग कहते हैं।**

**लिंग**

**पुल्लिग** | **स्त्रीलिंग**

**पुल्लिग–** जिस शब्द से पुरुष जाति का पता चलता है उसे पुल्लिंग कहते हैं।

**उदाहरण–**



**लड़का**



**राजा**



**मोर**

**स्त्रीलिंग–** जिस शब्द से स्त्री जाति का पता चलता है उसे स्त्रीलिंग कहते हैं।

**उदाहरण–**



**लड़की**



**रानी**



**मोरनी**

# अभ्यास

1. चित्र देखकर बताइए स्त्रीलिंग है या पुल्लिंग और रिक्त स्थान भरिए:



..............................



..............................



..............................



..............................



..............................



..............................



..............................



..............................



..............................



..............................

# 27

# बंदर की पूंछ



एक पेड़ पर एक बंदर बैठा था। उसकी पूँछ बहुत लंबी थी। इतनी लंबी कि ज़मीन तक पहुँच रही थी। वहीं पेड़ के पास एक गिलहरी उछल-कूद कर रही थी। उसकी नज़र बंदर की पूँछ पर पड़ी और उसने सोचा, 'अरे, ये झूला कहाँ से आया?' यह सोचकर गिलहरी पूँछ पकड़कर झूलने लगी। बंदर को झटका लगा। उसने नीचे झाँका और बोला, "ओ! गिलहरी, यह तुम क्या कर रही हो? मैं नीचे गिर जाऊँगा।" गिलहरी ने पूँछ छोड़ दी और बोली, "बंदर भैया यह तुम्हारी पूँछ है? मैं तो इसे झूला समझकर झूल रही थी। सच्ची, बड़ा मज़ा आ रहा था।" यह सुनकर बंदर हँस पड़ा और गिलहरी भी हँसते हुए वहाँ से भाग गई।